दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 532 / कुसका / 2024 दिनांक : 11 मई, 2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्यगण,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

विषय : शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में आगामी शैक्षणि सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। प्रवेश प्रक्रिया में निम्नलिखित नियमों / प्रावधानों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

1. सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम प्रवृत्त हो चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के दिशानिर्देशों के अनुरूप इसमें एकाधिक प्रवेश एवं निकास (Multiple Entry and Exit) की व्यवस्था की गयी है।

2. प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 21.03.2024 में पारित निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। व्यावसायिक एवं स्ववित्तपोषित कार्यक्रमों, जहाँ मान्यता प्रदायी संस्था द्वारा बाध्यता की गयी है, में कन्द्रीकृत प्रवेश की पहले से चल रही प्रक्रिया पूर्ववत लागू रहेगी जिसमें महाविद्यालयों की प्रतिभागिता आवश्यक है। अन्य कार्यक्रमों, जैसे B.A., B.Sc., B.Com., M.A. M.Sc. & M.Com. में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में महाविद्यालय ऐच्छिक रूप से सम्मिलित हो सकेंगे। यह बाध्यकारी नहीं होगा।

3. प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 27.04.2024 में पारित निर्णय के अनुसार परास्नातक कक्षाओं में (L.L.M., L.L.B., M.Ed. & BP.Ed. कार्यक्रमों को छोड़कर) प्रवेश अर्हता से सम्बन्धित न्यूनतम अंक प्रतिशत सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 45 प्रतिशत (CGPA4.5) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 40 प्रतिशत (CGPA4.0) निर्धारित की गयी है।

4. प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 27.04.2024 में पारित निर्णय के अनुसार यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी विषय से स्नातक उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी कला संकाय के विषयों में परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

भवदीय

Shastogi
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रभारी,सचिव कुलपति, मा0कुलपति जी के सूचनार्थ।

Shastogi
कुलसचिव